# सेंट उर्सुला गर्ल्स हायस्कूल अण्ड जुनिअर कॉलेज, नागपूर

**व्दितीय सत्र परीक्षा 2020**

**विषय – हिंदी**

**समय – 2.00 घंटे** | **वर्ग – V (A,B,D,F)** | **गुण – 40**

---


**प्र. 1 ला) निम्नलिखित परिच्छेद पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियॉ पूर्ण कीजिए। (7)**

बहुत पुरानी बात है । फुलेरा नामक एक आदर्श गाँव था । गाँव में हर तरफ स्वच्छता थी । गाँव की गलियों में नियमित रूप से झाड़ू लगाई जाती थी । नालियाँ रोज साफ की जाती थीं । लिपाई-पुताई करके घर-आँगन सुंदर रखा जाता था । परिसर में बड़ी संख्या में पेड़-पौधे थे । कुएँ का पानी निर्मल रखने के लिए आवश्यक सावधानियाँ बरती जाती थीं । पनघट स्वच्छ और सुसज्जित था ।


एक दिन पनघट पर तीन स्त्रियाँ पानी भर रही थीं । वे अपने-अपने लाड़ले के गुणों का बखान कर रही थीं । एक बोली, "बहन ! मेरा सपूत बड़ा विद्वान है । जब से शहर से पढ़कर आया है, चारों ओर उसकी धूम मची है । बड़े-बड़े ग्रंथ पढ़ लेता है । आकाश के तारों को देखकर उनके नाम बता देता है । देश-विदेश की सभी बातों का उसे पता है ।" दूसरी ने जोश में झट से आगे बढ़कर कहा, "अरी सखी ! मेरे लाल-जैसा बली तो दस-पाँच गाँवों में देखने को भी नहीं मिलेगा । पाँच सौ दंड-बैठक वह रोज सुबह लगाता है । अखाड़े में जब ताल ठोंककर उतर पड़ता है तो बड़े-बड़े पहलवान तक उसका मुकाबला करने से घबराते हैं । वह मेरा सपूत है ।"

अब तीसरी स्त्री की बारी थी पर वह चुप रही । इसपर उन दोनों ने कहा, "बहन, तुम चुप क्यों हो ? लगता है तुम्हारा लड़का कपूत निकला ।" तीसरी स्त्री बिना किसी जोश या


**1) आकृति पूर्ण कीजिए : (1)**




**2) (1)**




**3) परिच्छेद के आए शब्द – युग्म शब्द लिखिए। (1)**



**4) समानार्थी शब्द लिखो (1)**

1) जोश –  2) मामूली –

**5) तिनो स्त्रियो ने अपने अपने बेटे की कौन सी विशेषताऍ बताई है ? (2)**

**6) किसने किसने कहा। (1)**

1) ''जब से शहर से पढ़कर आया है चारो ओर उसकी धूम मची है।''


**प्र 2. अ) निम्नलिखित पदयांश पढ़कर सूचनाओ के अनुसार कृतियाँ कीजिए। (7)**






देश की मिट्टी का कण-कण है,
जिन्हें प्राण से प्यारा ।
प्रणाम ऐसे वीरों को,
सौ-सौ बार हमारा ।।
यह ऐसी धरती है जहाँ पर,
गंगा-जमना बहती ।
देश पर मर मिटने की,
हरदम धुन-सी रहती ।।
वीरों के बलिदान से,
चमका हिंद वतन का तारा ।
नमस्कार ऐसे वीरों को,
सौ-सौ बार हमारा ।।


यह आजादी नहीं मिली है,
हमें किसी से भीख में ।
सीखा हम लोगों ने कुछ तो,
प्राणार्पण की सीख में ।।
देश की मिट्टी का कण-कण है,
जिन्हें प्राण से प्यारा ।
प्रणाम ऐसे वीरों को,
सौ-सौ बार हमारा ।।



**1) आकृति पूर्ण किजिए। (1)**




**2) (1)**





**3) विरूद्धार्थी शब्द लिखिए। (1)**

1) देश X     2) आजादी X

**4) प्राणो से भी अधिक प्यारा क्या है ? (1)**

**5) भारत के लोग किसके लिए हरदम तयार रहते है? (1)**

**6) निम्नलिखित वस्तुओ को उनके उचित आकारो से रेखा खींच कर मिलाओः (2)**



आयताकार   षड्भुज   त्रिभुजकार   गोलाकार

**प्र3 अ) कोष्ठक मे से उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थानो की पूर्ति किजिए।** **(2)**

(मातृभाषा, आमने–सामने, साथ–साथ, सुख –दुःख)

1) बंडूभाऊ और सुदामा का परिवार –––––– रहता है।

2) दोनो के बच्चे आपस मे ––––– खेलते है।

3) दोनो के परिवार एक दुसरे के –––––– मे सहभागी होते है।

4) दोनो की –––– भिन्न है।

**ब) निम्नलिखित पर्यायो मे से सही उत्तर चुनकर लिखिए।** **(2)**

1) बकरी यह सुनकर –––––––––––

अ) में–में करती चली गई।

ब) रॅंभाती हुई चली गई।

क) म्याऊॅं – म्याऊॅं करती चली गई।

2) यह सुनकर गाय ––––––––––

अ) चुपचाप चली गई। ––––––

ब) रॅंभाती हुई चली गई।

क) हिनहिनाती हुई चली गई।

**क) निम्नलिखित कविता की पंक्तियॉं पूर्ण किजिए।** **(2)**

**घडी सदा ––––––––––**

–––––––––––––––––

–––––––––––––––

**सबको दिल से करो प्रणाम।।**

**प्र.4 अ) निम्नलिखित मुहावरोका वाक्यो मे उपयोग किजिए। (कोई दो)** **(2)**

1) मर मिटना –

2) प्राण से प्यारा –

3) खुशी से उछल पडना –

**ब) निम्नलिखित शब्दो के लिंग बदलकर लिखिए।** **(1)**

1) घोडा – 2) खिलाडिन –

**क) निम्नलिखित वाक्यो मे उचित विरामचिह्न लिखिए।** **(1)**

1) खत तो खेत मे डालते हैं बेटी को क्यो भेजूॅं

2) तो क्या बच्चे ऐसे ही भांगते रहेंगे

**ड) निम्नलिखित वाक्यो के काल पहचान कर लिखिए। (कोई दो)** **(2)**

1) हम गल्ली – डंडा खेलते है।

2) घोडा तेज दौड रहा था।

3) मॉं खाना पकाएगी।

**इ) निम्नलिखित वाक्यो मे से विशेषण रेखांकित किजिए।** **(1)**

1) घर स्वच्छ होना चाहिए।

2) बीरबल चतुर मंत्री थे।

**प्र 5 वा पत्र लेखन** **(4)**

1) बीमारी के कारण वर्ग – शिक्षिका को पत्र लिखकर चार दिनो की छुट्टी मॉंगो।

**अथवा**

पिकनिक पर जाने के लिए पिता से अनुमति मॉंगो।

**प्र. 6 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। (5)**


1) फलो का राजा – आम
2) मेरी दादी
3) छत्रपती शिवाजी महाराजा
4) कलम की आत्मकथा

**प्र. 7 वा निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर किसी एक कहानी को लिखिए: (4)**

मुद्दे :– जंगल मे हिरण और शेर का मिलना–––– हिरन का डरना –––– हिम्मत से काम लेना––––– शेर का हिरन से परिचय पूछना–––– हिरन का अपने आप को शेर का शिकारी बताना ––––– अपने सींगो को तलवार बताना –––– शेर का डरकर भाग जाना ––– सीख।

**अथवा**

निम्नलिखित चित्रो के आधार पर कहानी पूर्ण लिखिए।



***